जॉर्ज फ्लॉयड नामक अश्वेत व्यक्ति की पुलिस के हाथों मौत के बाद अमेरिका में बने हालात विश्व समुदाय को भी चिंतित करने वाले हैं। जॉर्ज फ्लॉयड नामक एक अश्वेत व्यक्ति की पुलिस के हाथों मौत के बाद अमेरिका में जो हालात बने, वे विश्व समुदाय को भी चिंतित करने वाले हैं। पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करने वाले अमेरिका के लिए इससे बुरा और कुछ नहीं हो सकता कि कोविड-19 महामारी के कारण लॉकडाउन से दो-चार हुए उसके शहर अब कर्फ्यू का सामना कर रहे हैं। अमेरिका के हालात उसकी प्रगति पर प्रश्नचिह्न लगाने और साथ ही उसकी प्रतिष्ठा पर सवाल खड़े करने वाले हैं।यदि पुलिस की बर्बरता के विरोध में अमेरिका के विभिन्न् शहरों में उग्र प्रदर्शन के साथ हिंसा का सिलसिला थमने के बजाय बढ़ता ही दिख रहा है तो इसकी एक बड़ी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया है। जब उन्हें अश्वेत समुदाय की भावनाओं को शांत करने की कोशिश करनी चाहिए थी, तब उन्होंने अपनी आदत के मुताबिक भड़काने वाले बयान दागे। इससे माहौल बिगड़ा और करीब-करीब पूरा अमेरिका हिंसक प्रदर्शनों की चपेट में आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति का रवैया सही नहीं, इसे वहां की जानी-मानी हस्तियों के साथ कुछ पुलिस अधिकारी भी बयान कर रहे हैं। कायदे से अमेरिकी राष्ट्रपति को अपने उन पुलिस कर्मियों से कुछ सीख लेनी चाहिए जिन्होंने अश्वेत समुदाय से माफी मांगी। इसके साथ ही उन्हें यह भी समझना चाहिए कि उनके शासनकाल में श्वेत चरमपंथियों की सक्रियता और साथ ही उनका दुस्साहस बढ़ा है। ट्रंप को इस पर लगाम लगानी ही होगी, अन्यथा अमेरिका में नस्ली भेदभाव की समस्या गहराने के साथ ही सामाजिक खाई भी बढ़ेगी।

हालांकि अमेरिका के अश्वेत समुदाय ने पुलिस की अनावश्यक सख्ती और नस्ली भेदभाव के खिलाफ पहले भी सड़कों पर उतरकर अपना रोष-आक्रोश व्यक्त किया है, लेकिन इस बार वह कहीं अधिक उग्र है। यह उग्रता यही बताती है कि अश्वेत समाज अपने खिलाफ होने वाले अन्याय से आजिज आ गया है। अमेरिकी शासन-प्रशासन को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा कि आखिर अश्वेत समुदाय नस्ली भेदभाव से मुक्त क्यों नहीं हो पा रहा है? दुनिया भर को समता और बंधुत्व का उपदेश देने वाला अमेरिका यह क्यों नहीं देखता कि आखिर उसकी अपनी धरती पर इन मानवीय मूल्यों

की अनदेखी कैसे हो रही है? नि:संदेह अन्याय के प्रतिकार के नाम पर अराजकता और लूट निंदनीय है। अन्याय के विरोध में हिंसा का सहारा लेने वाले एक किस्म का अत्याचार ही कर रहे होते हैं, लेकिन यह अमेरिकी प्रशासन को ही देखना होगा कि विरोध के बहाने हिंसा करने और उन्हें शह देने वाले कौन हैं? उसे यह भी समझना होगा कि दुनिया की समस्याएं हल करने के साथ ही उसे अपनी भी कुछ समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने की जरूरत है।

---

***Date: 03-06-20***

# विदेश नीति को धार देने की जरूरत

**विवेक काटजू , ( लेखक विदेश मंत्रालय में सचिव रहे हैं )**

वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर चीन की आक्रामकता जारी है। वह हांगकांग, ताइवान से लेकर दक्षिण चीन सागर में भी बदनीयती दिखाता रहा है। यह अच्छी बात है कि मौजूदा गतिरोध पर भारत और चीन सैन्य और कूटनीतिक दोनों मोर्चों पर वार्ता कर रहे हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि हालिया तनाव चीन की करतूतों का ही परिणाम है। समूचे दक्षिण एशिया में चीनी आक्रामकता की धमक सुनी जा सकती है। चूंकि अमेरिका अफगानिस्तान में अपना दायरा घटा रहा है ऐसे में भारत के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि वह वहां लगातार बढ़ते चीनी हितों की थाह ले। पाकिस्तान तो पहले से ही वहां बहुत दखल देता आया है। ऐसे में भविष्य को देखते हुए भारत को अपनी अफगान नीति तैयार कर लेनी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह दर्शाने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उनकी अफगान नीति एकदम सफल है। यह बहुत हद तक इस पर निर्भर करेगा कि अमेरिका और तालिबान के बीच हुआ समझौता किस तरह परवान चढ़ पाता है। इस समझौते में अमेरिकी सैनिकों की वापसी का प्रावधान है जिन्हें ट्रंप नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव से पहले स्वदेश बुलाना चाहते हैं। इस समझौते को मूर्त रूप देने में अफगान राष्ट्रपति अशरफ गनी को मनाना ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि तालिबान अफगान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने से बाज नहीं आ रहा और गनी भी तालिबान कैदियों की रिहाई में ढिलाई कर रहे हैं। साथ ही अफगानिस्तान में राजनीतिक बिरादरी के साथ वार्ता भी शुरू नहीं हो सकी, क्योंकि पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनावों के नतीजे विवादों में घिर गए। अफगान चुनाव आयोग ने अशरफ गनी को विजयी बताया, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी डॉ. अब्दुल्ला ने नतीजों को नकार कर खुद को राष्ट्रपति घोषित कर दिया। अमेरिका ने दोनों पर मतभेद दूर करने के लिए दबाव डाला। नई सहमति के अनुसार अब गनी राष्ट्रपति बने रहेंगे वहीं कैबिनेट में आधे पद अब्दुल्ला समर्थकों को मिलेंगे। तालिबान के साथ वार्ता की कमान भी अब्दुल्ला संभालेंगे। तालिबान ने ईद तक के लिए जो संघर्षविराम घोषित किया उसने वार्ता के लिए सही माहौल बनाया।

यदि बातचीत शुरू भी होती है तो यह शांति और स्थायित्व की गारंटी नहीं होगी। अफगानिस्तान कई वर्षों से उथलपुथल का शिकार है। पाक लगातार उसके आंतरिक मामलों में दखल देता रहा है। आतंकवाद और चरमपंथी इस्लामिक विचारधारा ने अफगान समाज के कुछ वर्गों में पैठ बना ली है। चीन भी वहां अपना प्रभाव जमाने की कोशिश में है। तालिबान के सफाये के साथ यह उम्मीद जताई गई थी कि 2003 में अपनाए गए नए संविधान के तहत अफगानिस्तान

शांति एवं स्थायित्व से लैस इस्लामिक गणराज्य बनेगा। ऐसा संभव नहीं हो सका, क्योंकि अमेरिका अफगानिस्तान से बचकर पाकिस्तान में शरण लेने वाले तालिबान का फन कुचलने का इच्छुक नहीं दिखा। तालिबान को पाक में न केवल पनाह मिली, बल्कि इस दौरान नई शक्ति हासिल करके उसने अफगानिस्तान में अमेरिकी और अफगान सरकार के खिलाफ नए सिरे से मोर्चा खोला। इस प्रकार तालिबान के साथ हुआ समझौता जितना अमेरिका की रणनीतिक नाकामी को दर्शाता है उतना ही तालिबान की कामयाबी को।

अफगान परिदृश्य में तालिबान का उभार 1994 में हुआ था। उसे पाक की पूरी शह मिली हुई थी। पाक और अल कायदा की मदद से अगले पांच वर्षों में उसने अफगानिस्तान के 90 प्रतिशत हिस्से को कब्जा लिया। तब ईरान और रूस के साथ मिलकर भारत ने उसका पुरजोर विरोध किया। उसने तालिबान विरोधी समूहों के नेता अहमद शाह मसूद को समर्थन दिया। शेष विश्व ने भी तब तालिबान को तवज्जो नहीं दी। केवल पाकिस्तान, सऊदी अरब और यूएई से ही उसे मान्यता मिली। उस समय भारत ने वैश्विक रुझान के अनुसार अफगानिस्तान को लेकर एकदम दुरुस्त और कामयाब रणनीति अपनाई।

आज दुनिया के तमाम देशों ने 1990 के दशक की तुलना में अपनी अफगान नीति की दिशा पूरी तरह बदल दी है। हिंसक और कट्टर इस्लामिक सोच के बावजूद तालिबान को आज कूटनीतिक मान्यता मिल रही है। अमेरिका-तालिबान समझौता इस परिवर्तन का सबसे बड़ा प्रमाण है। पहले विरोधी रहे ईरान और रूस भी उसके साथ हो लिए हैं। दरअसल कूटनीतिक समीकरणों के बदलने से देशों ने उसी के मुताबिक नई रणनीति अपनाई है। बदलाव न करने का खामियाजा भी भुगता है। भारत का तालिबान के साथ कोई सीधा संपर्क नहीं है। उधर तालिबान भारत को परोक्ष रूप से संदेश देता आया है कि वह उसे पाकिस्तान के हाथों की कठपुतली न समझे। तालिबान से भारत की नाराजगी समझ आती है, क्योंकि हक्कानी नेटवर्क जैसे उसके धड़ों ने पाकिस्तान की शह पर भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाया। वैसे किसी पहलू को लेकर कुपित बने रहने से हितों को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता और विदेश नीति का तो सबका ही हितों की रक्षा और उनकी पूर्ति से है।

सात हफ्ते पहले संयुक्त राष्ट्र सचिवालय द्वारा अफगान मसले पर बुलाई बैठक में चीन, अमेरिका, रूस और अफगान सरकार को आमंत्रित किया गया। बीते 18 वर्षों से अफगानिस्तान में भारी मदद के बावजूद भारत को इसमें नहीं बुलाया गया। एक अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि अफगानिस्तान के भविष्य को लेकर भारत को इसलिए नहीं शामिल किया गया, क्योंकि वह सभी अफगान पक्षों के साथ नहीं जुड़ सका है। वहां सार्वजनिक रूप से भारत को तालिबान से वार्ता का सुझाव दिया गया।

तालिबान से वार्ता का फैसला भारत को किसी के निर्देश के बजाय स्वयं ही करना चाहिए। मेरी राय में भारत को विकल्प खोलने चाहिए, क्योंकि अफगानिस्तान अब अफगान से इतर पक्षों के साथ वार्ता के नए दौर में दाखिल हो रहा है और इसमें तालिबान सबसे अहम पक्ष है। ऐसे में यदि भारत उससे संपर्क नहीं करेगा तो अपने कूटनीतिक विकल्पों को सीमित कर देगा। बातचीत का अर्थ यह भी नहीं कि इससे तालिबानी विचारधारा या पाक से उसकी नजदीकी को भी स्वीकृति मिल जाएगी। इसका यह अर्थ नहीं कि इस दुरभिसंधि को लेकर भारत की चिंताएं भी दूर हो जाएंगी। इससे अफगान सरकार और अन्य अफगान पक्षों को लेकर समर्थन की डोर भी कमजोर नहीं पड़ेगी। यह समय की मांग है कि भारत चीन के इरादों को सही तरह से भांपने के साथ ही अफगानिस्तान में वहां के सभी पक्षों के साथ कूटनीतिक सक्रियता दिखाए।

***Date: 03-06-20***

# आत्मनिर्भरता हासिल करने का मंत्र

**डॉ. आरएस सोढ़ी , ( लेखक जीसीएमएमएफ-अमूल के प्रबंध निदेशक हैं )**

हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को दिए अपने संबोधन में देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए आत्मनिर्भर बनने का सुझाव दिया। इसके बाद भी उन्होंने यह स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से उनका क्या आशय है। हमारे आसपास के कई लोगों ने प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विचार की हंसी उड़ाई, लेकिन मेरा मानना है कि यह लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है। सवाल उठता है कि अरबों डॉलर के माल का आयात करने वाले भारत जैसे देश में आत्मनिर्भरता के इस मंत्र को कैसे साकार किया जाए? इसका जवाब आयात पर निर्भर ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, खाद्य तेल, ड्यूरेबल्स और खनिज जैसे क्षेत्रों की पहचान करने में निहित है।

मैं आपको 1970 के दशक में वापस ले जाता हूं जब भारत में दूध का सालाना उत्पादन 21 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) प्रतिदिन था। यह प्रति व्यक्ति मात्र 110 ग्राम की उपलब्धता पर स्थिर था। उस दौरान भारत बड़े पैमाने पर दूध के आयात पर निर्भर था और घरेलू दुग्ध उत्पादक संकट की स्थिति में थे। उस समय त्रिभुवनदास पटेल और डॉ.वर्गीज कुरियन द्वारा देश भर में बनाई गईं दुग्ध सहकारी समितियों के सफल अमूल मॉडल को दोहराने के लिए हितधारकों, नीति निर्माताओं और राजनीतिक नेतृत्व द्वारा एक प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। देश ने ऑपरेशन फ्लड के माध्यम से श्वेत क्रांति के बेहतर नतीजे प्राप्त किए और आज स्थिति यह है कि भारत दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बन गया है। भारत अब सालाना 189 एमएमटी दूध के उत्पादन के साथ दुनिया में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। एक ऐसा देश जो कभी अमेरिका का 1/3 और यूरोप का 1/8 दुग्ध उत्पादन करता था, उसने आज अमेरिका की तुलना में अपने उत्पादन को दोगुना कर दिया है और यूरोप की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक उत्पादन बढ़ाया है। यह उल्लेखनीय काम हमारे अपने लोगों ने किया।

बीते पांच दशकों में जनसंख्या में 2.5 गुना वृद्धि होने के बावजूद आज प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता 400 ग्राम है। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि श्वेत क्रांति ने दस करोड़ परिवारों को स्वतंत्र उद्यमी बनने और सम्मान के साथ अपनी आजीविका कमाने में सक्षम बनाया है। यह एक सवाल उठ सकता है कि आज आप श्वेत क्रांति जैसी एक और क्रांति का सृजन कैसे कर सकते हैं? इसका उत्तर भारत के तीन स्तंभों- राजनीतिक नेतृत्व, हितधारकों और नीति निर्माताओं को मजबूत करने में निहित है। नीति निर्माता और राजनीतिक नेतृत्व पहले से ही रोडमैप के साथ आगे आ गए हैं और प्राथमिकताएं तय करके हालात को चुनौती दे रहे हैं। हमारे पास सभी संसाधन और कौशल हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हमारे पास एक स्थिर लोकतांत्रिक व्यवस्था है। ऐसे में सब कुछ भारत की जनशक्ति पर निर्भर है कि वह भारतीय ब्रांड में अपना आत्मविश्वास दिखाए।

एक नजर उन उद्यमों के उदाहरणों पर डालें जिन्होंने पहले ही आत्मनिर्भरता की दिशा में अपने प्रयास भी शुरू कर दिए हैं। गुजरात का जो थामना गांव 2015 में पहली बार सौर सहकारी के साथ आया था वह आज किसानों के लिए एक व्यावहारिक व्यवसाय मॉडल बन गया है। यहां सौर ऊर्जा का उपयोग अपनी स्वयं की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने

के लिए किया जाता है और अधिशेष ऊर्जा राज्य विद्युत बोर्ड को बेची जाती है। इस प्रकार किसानों को अतिरिक्त आय उपलब्ध होती है। इसी तरह का एक और अनुकरणीय उपक्रम गुजरात के ही जकारियापुरा गांव में है, जो देश में ऊर्जा और उर्वरकों के अरबों डॉलर के आयात का समाधान पेश कर रहा है। एक छोटी, लेकिन प्रभावी बायोगैस इकाई पशु अपशिष्ट को बायोगैस में परिवर्तित करती है और बचे हुए गारे को पास के सुविधा केंद्र भेज दिया जाता है, जिसे बाद में खेतों के लिए उर्वरक में बदल दिया जाता है। भले ही मवेशी दुधारू हों या न हों, यह व्यवसाय प्रति परिवार 36 हजार रुपये की अतिरिक्त सालाना आय प्रदान कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल के लिए वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल का मंत्र दिया है। हमें न सिर्फ स्वदेशी उत्पाद खरीदने हैं, बल्कि उनका गर्व से प्रचार भी करना है। यही मंत्र हमारे स्थानीय ब्रांड के लिए वैश्विक उपस्थिति के महत्व को सामने लाएगा। विभिन्न उत्पादों के लिए भारत पूरी दुनिया में सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ता बाजार है। मेरा मानना है कि उपभोक्ता ब्रांड नहीं खरीदते, वे लाभ खरीदते हैं। वे केवल राष्ट्रीयता नहीं, उत्कृष्टता भी देखते हैं। घरेलू बाजार में मार्केट लीडर बनने के लिए ब्रांड को तकनीकी विशेषज्ञता, बेहतर गुणवत्ता और किफायती मूल्य पर निर्मित करना होगा। किसी भी व्यावसायिक संगठन के लिए उसका ब्रांड सबसे मूल्यवान संपत्ति होता है। जब कोई ब्रांड वैश्विक बाजार में बिकता है तब रॉयल्टी और तकनीकी शुल्क के अलावा, घरेलू फर्म के मालिक को अपने ब्रांड के मूल्यांकन में सराहना मिलती है। यह सिद्ध बहुराष्ट्रीय रणनीति है।

मैंने हाल में अपनी दुबई यात्रा के दौरान विश्व प्रसिद्ध आतिथ्य सत्कार शृंखलाओं की तुलना में द ताज और ओबेरॉय को चुना। अन्य होटल द ताज और ओबेरॉय की तुलना में बहुत सस्ते थे, लेकिन भारत में उनके साथ मेरे पिछले अनुभव और उनकी प्रीमियम गुणवत्ता सेवाओं में मेरे विश्वास ने मुझे उन्हें चुनने के लिए प्रेरित किया। जब हम अपने ब्रांड के साथ वैश्विक स्तर पर काम कर रहे हैं तो अन्य देश भी भारत की मांग का लाभ उठाने के लिए इसी तरह से रणनीति बनाएंगे। इस स्पर्धा से लड़ने के लिए भारतीय ब्रांड को बेहतर उत्पादों और उत्तम सेवाओं के रूप में एक काउंटर रणनीति सुनिश्चित करनी होगी और भारत में सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को वास्तविक बनाना होगा।

---

जनसत्ता

***Date: 03-06-20***

# खेतों को बचाने की चुनौती

**अभिषेक कुमार सिंह**

प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के पक्षधरों का हमेशा मत रहा है कि दुनिया के छोटे से छोटे जीव और कीट-पतंगों तक का अपना महत्त्व है। प्रकृति में इनका होना इसका बात का संकेत है कि यह दुनिया रहने लायक बनी रहेगी। लेकिन जब इन्हीं में से कुछ कीट हमारी सभ्यता के दुश्मन बन जाएं और खेती से लेकर हमारी जिंदगी तक इनकी मार से भयाक्रांत हो उठे, तब क्या हो। इन दिनों उत्तर भारत के करीब दस राज्यों के किसान टिड्डी दल के अचानक हमले के आगे निहत्थे

साबित हो रहे हैं और उन्हें कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है कि धरती की हरियाली पर आई इस आपदा से आखिर किस प्रभावी तरीके से निपटा जाए।

कैसी विडंबना है कि एक तरफ जब पूरी दुनिया आंख से नहीं दिखने वाले कोरोनाविषाणु के संक्रमण से जूझ रही है, तो महज दो ग्राम वजनी टिड्डी के विशालकाय दलों ने देश के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। खेती-किसानी की मुश्किलें वैसे ही कम नहीं हैं। इस पर चंद मिनटों के हमले में पूरे के पूरे खेत सफाचट कर डालने वाले टिड्डी दलों के हमले ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी। महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान से शुरू होकर टिड्डियों के दल उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब सहित कुल दस राज्यों में अपनी संहारक दस्तक दे चुके हैं। फौरी हिदायत के तौर पर सरकारी प्रशासन किसानों से अपील कर रहा है कि वे फिलहाल ढोल-नगाड़े, बर्तन आदि बजा कर खेतों को टिड्डियों के हमले से बचाएं। कीटनाशकों के छिड़काव की सलाह भी दी जा रही है, लेकिन यह तभी मुमकिन है जब उनके हमले का पहले से कोई अंदेशा हो।

छिटपुट तौर पर टिड्डियां हर साल ही फसलों को भारी नुकसान पहुंचाती रही हैं। अमूमन मानसूनी बारिश के बाद खाली पड़ी राजस्थान-गुजरात की रेगिस्तानी जमीन में पैदा होने वाली टिड्डियों का हमला सर्दी आते-आते मंद पड़ जाता है। ऐसे हालात कम ही बनते हैं कि वे दो-तीन राज्यों की सरहद पार कर दस राज्यों के नीले आकाश पर खौफ बन कर छा जाएं। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण हालात बदल गए हैं। जो समस्या पहले अमूमन जुलाई-अगस्त में पैदा होती थी, इस बार अनुकूल मौसम मिलने पर टिड्डियों की भारी-भरकम फौज मई-जून में ही पैदा हो गई। ईरान के रास्ते पाकिस्तान और फिर वहां से भारत में दाखिल होने से पहले टिड्डियों के दल ने करीब दो साल से उत्तरी अफ्रीका के इथियोपिया, केन्या और सोमालिया आदि देशों में आतंक मचा रखा था। वहां टिड्डी दल लाखों हेक्टयेर फसल चौपट करने के जिम्मेदार माने गए और इन हमलों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र की ओर से यह चेतावनी जारी की गई थी कि अगर जल्द ही इन पर काबू नहीं पाया गया तो दुनिया के बड़े इलाकों में लोग दाने-दाने को मोहताज हो सकते हैं। खासतौर से ईरान और पाकिस्तान में इनके हमलों की ज्यादा आशंका थी।

असल में मई, 2018 के मेकुनू चक्रवाती तूफान से यमन, संयुक्त अरब अमीरात, अरब और यमन तक फैले रब-अल-खली मरुस्थल में काफी बारिश हुई। फिर उसी साल अक्तूबर में लुबान तूफान ने अरब प्रायद्वीप में टिड्डियों के माफिक स्थितियां बना दीं। इसके बाद 2019 के जनवरी-फरवरी में अफ्रीका और एशिया से लगे लाल सागर के तटीय इलाकों में अच्छी बारिश ने फिर टिड्डियों को पनपने का मौका दिया। खाने की तलाश में टिड्डी दल अरब की हवाओं के साथ ईरान पहुंचे, जहां पहले से हो चुकी बारिश ने टिड्डियों की पैदावार में भरपूर मदद दी। अप्रैल से जून, 2019 में ये दक्षिण एशिया में पाकिस्तान और सरहद से लगे भारत के थार रेगिस्तान आ गईं। संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने बीते कुछ महीनों के दौरान दक्षिण एशिया में बारिशों के कई दौर और सर्दियों में उनके प्रजनन को देख कर भी कहा था कि पाकिस्तान और इससे सटे सीमावर्ती भारतीय राज्यों में गर्मियों के मौसम में इनका नए सिरे से प्रजनन होगा और तब टिड्डी दल बड़े पैमाने पर हमला कर सकते हैं।

कहा जा रहा है कि ये टिड्डियां पाकिस्तान की तरफ से भी आई हैं। सामान्य स्थितियों पाकिस्तान में भावी फसलों को बचाने के लिए खेतों की गहरी खुदाई और रसायनों के छिड़काव से टिड्डियों की पैदावार पर अंकुश लगाया जाता है, लेकिन इस बार वहां यह काम नहीं हुआ। कहने को तो पाकिस्तान ने टिड्डियों की समस्या को आपात स्थिति घोषित कर दिया था, लेकिन उनकी असरदार रोकथाम नहीं होने से उनका प्रजनन बड़े पैमाने पर हुआ। इसके बाद पाकिस्तान में पैदा

हुई टिड्डियां अनुकूल हवा और मनमाफिक दिशा मिलने से सरहद पार कर भारतीय क्षेत्रों में घुस आईं और भारी तबाही का सबब बन गईं। टिड्डियां खेती ही नहीं, हर किस्म की हरियाली के लिए कितना बड़ा खतरा हैं। हरे पत्ते, अनाज की बालियां, बीज, झाड़ियां और सड़क किनारे लगाए गए हरे पौधे आदि सभी कुछ इनका भोजन होता है। एक टिड्डी दल जो तीन से पांच वर्ग किलोमीटर लंबा-चौड़ा होता है, कुछ ही मिनटों में पूरा खेत साफ कर देता है। एक वर्ग किलोमीटर में करीब चालीस लाख टिड्डियां होती हैं। यह झुंड एक बार में खेतों इतना भारी नुकसान पहुंचा देता है, जिसमें एक दिन में पैंतीस हजार लोगों का पेट भरने लायक अन्न साफ हो जाता है।

ऐसा नहीं है कि इस आसमानी आफत की कोई सूचना पहले से हमारे सरकारी तंत्र को नहीं थी। पिछले साल मई में और फिर इस साल के आरंभ में जनवरी-फरवरी के दौरान राजस्थान और गुजरात में टिड्डियों ने हमला किया था। इस नुकसान की सूचना देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री ने सात फरवरी को राज्यसभा में बताया था कि राजस्थान के बारह जिलों में टिड्डियों ने डेढ़ लाख हेक्टेयर फसलों को नुकसान पहुंचाया है और गुजरात में बीस हजार हेक्टेयर खेती चौपट हो गई थी। उनके आकलन के मुताबिक राजस्थान और गुजरात में सरसों, अरंडी और गेहूं की तैंतीस फीसदी फसल नष्ट हुई, जिससे डेढ़ लाख किसानों को डेढ़ सौ करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। उसी दौरान राजस्थान के कृषि मंत्री ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिख कर टिड्डियों को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की थी। हालांकि उस वक्त दावा किया गया कि सरकार-प्रशासन की सतर्कता के चलते टिड्डियों को लगभग खत्म कर दिया गया, लेकिन मई में कई गुना ताकत से टिड्डियों के हमले से साबित हुआ कि उनके खात्मे का अंदाजा बिल्कुल गलत था।

यहां अहम सवाल है कि इस आपदा से आखिर कैसे निपटा जाए। इस बारे में पहली जरूरत तो यह है कि किसानों को टिड्डियों से हुए नुकसान की फौरन भरपाई की जाए। सरकार को इस नुकसान के आंकड़े जुटाने में मुश्किल नहीं होगी, क्योंकि इसका हिसाब-किताब उन्हें ग्रामीण पंचायतों से हाथों-हाथ मिल सकता है। कीटनाशकों के छिड़काव और बर्तन, ढोल बजा कर टिड्डियों को भगाने के तरीकों के बारे में किसानों को जागरूक किया जाए। खेती के विशेषज्ञ इसका एक प्रभावी उपाय यह सुझाते हैं कि जिन इलाकों में टिड्डियां अंडे देती हैं, वहां खेतों की गहरी खुदाई की जाए। इससे टिड्डियों के अंडे नष्ट हो जाते हैं और उनकी क्रमिक पैदावार की संभावनाएं बहुत क्षीण रह जाती है। ज्यादा बेहतर यह होगा कि मौसमी बदलावों के बारे में सचेत करने वाला हमारी प्रणाली ज्यादा प्रभावी ढंग से काम करे और व्यापक फलक पर कहें तो जलवायु परिवर्तन के कारकों को थामने के उपाय आजमाएं। ये सारे प्रयास ही किसानों को टिड्डियों के हमले से बचाने में कारगर हो सकते हैं।

---

Live हिन्दुस्तान .com

***Date: 03-06-20***

# फिर रंगभेद

**संपादकीय**

अमेरिका में श्वेत-अश्वेत के बीच तनाव की वापसी दुखद और चिंताजनक है। अमेरिका अपनी रंगभेदी नीतियों को करीब आधी सदी पीछे छोड़ आया था, मगर वास्तव में बदलाव एक हद तक कागजी ही बना हुआ है। रंगभेद की जमीनी हकीकत न केवल निराश करती है, बल्कि अमेरिका के लोकतांत्रिक समाज पर सवालिया निशान भी लगाती है। अमेरिका में अश्वेतों की आबादी 13 प्रतिशत ही है, लेकिन पुलिस के हाथों मारे जाने वालों में उनकी संख्या श्वेतों के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा है। अमेरिका की इस स्याह हकीकत की चर्चा लगातार होती रही है, लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है कि तमाम अमेरिकी राज्यों में जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। और एक सुखद पक्ष यह कि इन प्रदर्शनों में श्वेत भी समान रूप से शामिल हैं।

जॉर्ज का दोष ऐसा नहीं था कि पुलिस के हाथों उसकी मौत होती। वह गिरफ्तारी का विरोध कर रहा था, लेकिन तीन पुलिस वाले उसे जमीन पर गिराकर उस पर सवार हो गए। एक पुलिस अफसर ने तो इतनी निर्ममता दिखाई कि लगभग नौ मिनट तक वह जॉर्ज की गरदन पर अपने घुटने के बल सवार रहा। जॉर्ज गुहार लगाता रहा कि उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही है, लेकिन उसकी गुहार बेकार गई। इस मौत के वीडियो को लोगों ने वायरल कर दिया और अब अमेरिकी पुलिस बल अपने लोगों के रोष के निशाने पर है। अमेरिका के 70 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन या कहीं-कहीं उपद्रव भी हुए हैं। वैसे लोगों का यह रोष नया नहीं है। अमेरिका में अनेक लोगों के मन में श्वेत वर्चस्व या रंग को लेकर श्रेष्ठता भाव बना हुआ है। घृणा का यह भाव न केवल अतार्किक, बल्कि अमानवीय भी है। इससे अमेरिकी समाज की बदनामी होती है। अमेरिकी समाज में रंगभेद दूर करने की तमाम जमीनी और किताबी कोशिशों के बावजूद वहां जो स्थिति है, उसकी प्रशंसा नहीं हो सकती। जब भी अश्वेतों के प्रति घृणा की बात उठती है, तो अमेरिका की चर्चा जरूर होती है। इस प्रदर्शन व उपद्रव के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बहुत चिंतित हैं और उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि निर्दोष लोगों के जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, तो सरकार सेना भी तैनात कर सकती है। अमेरिका के लिए यह दोहरी मुसीबत का समय है। एक तरफ वह कोरोना जैसी महामारी से बड़े पैमाने पर जूझ रहा है, वहीं रंगभेद विवाद अमेरिकी प्रशासन के गले की नई हड्डी बन गया है।

अब पूरी दुनिया की नजर अमेरिका पर है। अमेरिका को महामारी और मानवीयता, दोनों ही मोर्चों पर परीक्षा से गुजरना होगा। जब महामारी ने मौत का जाल फैला रखा हो, तब तो लोगों के प्रति उदारता और मानवीयता का दामन नहीं छोड़ना चाहिए। इस बीच अमेरिकी प्रशासन के लिए यह जरूरी है कि वह रंगभेद समर्थकों के साथ पूरी कड़ाई से पेश आए। रंगभेद को रोकने के लिए अमेरिकी सरकार को पहले से कहीं ज्यादा चौकस होना चाहिए। वहां पुलिस बल को भी शिक्षित-प्रशिक्षित करने की जरूरत है। पुलिस पर भी यह जिम्मेदारी है कि वह लोगों को आश्वस्त करे। अमेरिका में शांति और एकजुटता की जल्द से जल्द वापसी होनी चाहिए। सबके प्रति उदारता से ही अमेरिकी समाज में सभ्यता और अनुशासन की रौनक लौटेगी और दुनिया के दूसरे देश उससे अच्छे सबक लेंगे।

---

***Date: 03-06-20***

# सीमा विवाद से लाभ लेता चीन

**श्याम सरन, पूर्व विदेश सचिव**

पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं में तनातनी जारी है। दोनों पक्ष अपनी-अपनी स्थिति को मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं। हालांकि पिछले कई वर्षों में जिस तरह बातचीत से तनाव कम किए गए, इस बार भी सफलता मिल सकती है, लेकिन इस वक्त अहम सवाल यह है कि क्या चीन के सैनिक उस जमीन को खाली करने पर राजी हो जाएंगे, जो उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का उल्लंघन करके अपने कब्जे में ले ली है?

चीन तभी संतुष्ट होगा, जब जमीनी हकीकत बदल जाए। इसके लिए कुछ मीटर पीछे तक दोनों सेना को लौटने के लिए कहा जाए और कब्जाई गई ज्यादातर जमीन बीजिंग को सौंप दी जाए। चीन कब्जे वाले क्षेत्र को खाली करने पर भी सहमत हो सकता है, लेकिन बदले में वह कई रियायतों की उम्मीद करेगा, जिनमें वास्तविक नियंत्रण रेखा के भारतीय हिस्से में सीमा पर इन्फ्रास्ट्रक्चर यानी ढांचागत विकास कार्यों को रोकना भी शामिल हो सकता है। संभव है, बनाए गए ढांचों को तोड़ने की मांग भी करे। 2017 में जब डोका ला विवाद हुआ था, तब भी दोनों तरफ की सेनाएं पीछे हटी थीं। चीन ने सड़क-निर्माण की अतिरिक्त गतिविधियां तो रोक दी थीं, लेकिन कब्जे वाले इलाके में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने का काम उसने जारी रखा। कुल मिलाकर, जमीनी सच्चाई चीन के हित में बदल गई थी, हालांकि आगे किसी दखल को लेकर भारत ने पहले ही अपनी कार्रवाई रोक दी थी। इसीलिए चीन के इस व्यवहार का जब तक भारत कोई प्रभावी काट नहीं ढूंढ़ लेता, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर इस तरह की घटनाओं के होने की न सिर्फ आशंका बनी रहेगी, बल्कि ऐसी घटनाएं ज्यादा तीव्रता से हो सकती हैं।

चीन के इस खेल का एक और पहलू है। भारत-चीन सीमा पर ही नहीं, दक्षिण चीन सागर, ताइवान जलडमरूमध्य और पीत सागर पर भी ऐसा ही कुछ चल रहा है। चीन की हर कार्रवाई, जब तक कि वह किसी दूसरी कार्रवाई से जुड़ी हुई न हो, एक मजबूत व जवाबी सैन्य प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक धमकी नहीं मानी जा सकती। हालांकि, बदलते वक्त में इसी तरह की 'एकल कार्रवाई' की शृंखला इलाके में शक्ति-संतुलन में उल्लेखनीय बदलाव का वाहक बनती है। इसी कारण दक्षिण चीन सागर और कई विदेशी द्वीपों पर चीन का कब्जा व सैन्यीकरण उस स्थिति में पहुंच गया है कि सिर्फ सैन्य प्रतिक्रिया (संभवत: युद्ध) से ही बीजिंग को रोका जा सकता है। जाहिर है, जोखिम भरा यह कदम शायद ही कोई उठाए। हां, ताकतवर मुल्कों से यह अपेक्षा की जा सकती है कि वे चीन के आगामी अतिक्रमण को रोकने के प्रयास करें।

चीन के इस खेल को हमने वर्षों से भारत-चीन सीमा पर देखा है। यहां छोटी-छोटी गतिविधियां लगातार होती रही हैं, जिनका भारतीय पक्ष विरोध करते रहे हैं, मगर वे चीन द्वारा हड़पी जा रही जमीन को फिर से वापस पाने के लिए किसी सैन्य आक्रमण का रास्ता अपनाने को तैयार नहीं हैं। हमें कब्जा जमाने की चीन की इस नीति को समझना होगा और इसके खिलाफ एक प्रभावी रणनीति बनानी होगी। उन इलाकों में, जहां हमें सामरिक लाभ हासिल है, वहां वास्तविक नियंत्रण रेखा की अस्पष्टता का अपने हित में उपयोग करना होगा। इसके बाद ही यथास्थिति बहाल करने के लिए सौदेबाजी करते समय हम कुछ दबाव बनाने की स्थिति में होंगे।

चीन के इस खेल के तीसरे पक्ष पर भी ध्यान देने की जरूरत है। दरअसल, चीन किसी भी देश की आर्थिक और सैन्य क्षमताओं को सावधानीपूर्वक आंकने के बाद ही अपना रुख तय करता है। यह कभी-कभी गलत भी हो सकता है, क्योंकि चीन के नेता अपनी सोच को लेकर आत्म-केंद्रित होते हैं। दूसरे देशों के साथ आपसी संबंधों में सामरिक चपलता, यहां तक कि विश्वासघात के प्रति भी, वहां सांस्कृतिक पूर्वाग्रह है। इसी कारण, 1962 के युद्ध के बाद सीमा पर पुरानी स्थिति बहाल करने संबंधी चीन का दावा ऐसा कथित राहत-पैकेज था, जो प्रचलित यथास्थिति को ही औपचारिक जामा पहनाता रहा। 1985-86 में पूर्वी क्षेत्र में वांडुंग की घटना के बाद भी पैकेज प्रस्ताव को इस तरह फिर से परिभाषित किया

गया कि पूर्व में, जो सबसे बड़ा विवादित क्षेत्र है, सार्थक छूट हासिल करने के लिए भारत को एक समझौते की दरकार है, जिसके बदले में चीन पश्चिमी क्षेत्र में उचित, हालांकि अपरिभाषित छूट हासिल करेगा। फिर इसके बाद यह संदेश दिया गया कि किसी भी समझौते में चीन को तवांग सौंपना होगा।

अब जो हम देख रहे हैं, वह बताता है कि चीन अपने उसी लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। उसके व्यवहार से पता चलता है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के सटीक सीमांकन पर अस्पष्टता से उसे यह अवसर मिला है कि वह स्थानीय व सामरिक लाभ हासिल करने के लिए कुछ जगहों पर विवाद को हवा दे, साथ-साथ ऐसा माहौल भी बनाया जाए कि भारत के साथ किसी समझौते में उसका हाथ मजबूत है।

कुछ विश्लेषकों का सुझाव है कि चीन को उकसाने वाला ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए कि भारत मजबूर होकर अमेरिका के करीब जाए। इसका निहितार्थ यह भी है कि चीन जिन देशों को अपना विरोधी मानता है, उनसे उसकी दूरी भारत पर दबाव घटा सकती है। हालांकि यह अजीब तर्क है। यह संकेत करता है कि भारत की विदेश नीति पर फैसला तो वाशिंगटन में हो रहा है, लेकिन उसे चीन की प्राथमिकताओं के मुताबिक बदल दिया जाना चाहिए? भारत की विदेश नीति को नई दिल्ली में बनाया जाना चाहिए, जो देश के सर्वोत्तम हित में है। यह नई दिल्ली का अनुभव रहा है कि अन्य तमाम ताकतवर मुल्कों के साथ-साथ भारत और अमेरिका के आपसी मजबूत रिश्तों से चीन की चुनौती का बेहतर प्रबंधन करने की क्षमता और कुशलता बढ़ती है। भारत दुनिया से जितना अलग-थलग होगा, चीन का उस पर उतना ही ज्यादा दबाव पड़ने का खतरा बढ़ेगा।

बेशक अभी अमेरिका के साथ किसी तरह के सैन्य समझौते की संभावना नहीं है, लेकिन दुनिया के ताकतवर राष्ट्रों का एक मजबूत व विश्वसनीय जवाबी प्रतिक्रिया-तंत्र बनाना एक विवेकपूर्ण रणनीति है, जो चीन की परभक्षी नीतियों के प्रति भारत की चिंताओं को समझे। हालांकि, चीन के साथ शक्ति-संतुलन बनाने के लिए भारत को अपनी क्षमता भी दुरुस्त करनी होगी, जो कि मौजूदा विवाद के मूल में है।